# <u>प्रेस नोट जनपद खीरी</u>

**<u>दिनाँक 29.09.2025</u>**

**<u>पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी।</u>**

## <u>जनपद खीरी में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत विगत सप्ताह में खीरी पुलिस द्वारा कुल 374 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई</u>




पुलिस अधीक्षक खीरी श्री संकल्प शर्मा द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपदीय पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में जनपद में महिलाओ/बालिकाओ के लिये सुरक्षित वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से समस्त थानों की टीमों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रांतर्गत भीड-भाड़ वाले इलाको, कोचिंग सेटर्स, विद्यालय, पार्क आदि मे सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान अनावश्यक रूप से घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों/किशोरो से भी पूछताछ व उन्हें कड़ी चेतावनी दी गयी।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा विगत सप्ताह से प्रारंभ हुए मिशन शक्ति अभियान के तहत दिनांक 22.09.25 से अब तक महिला संबंधी अपराधों में वांछित चल रहे कुल 52 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया एवं मा0 न्यायालय में प्रचलित मामलों/वादों से संबंधित पीड़िताओं को शीघ्रातिशीघ्र न्याय दिलाने के उद्देश्य से कुल 53 वारंटियों को भी गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में चेकिंग के दौरान फब्तियां कसते या अनुचित कृत्य करते हुए पाये जाने पर धारा 296/74 बीएनएस के तहत कुल 23 अभियोग पंजीकृत किये गये हैं। साथ ही कुल 246 व्यक्तियों के खिलाफ (170/126/135 बीएनएसएस) निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की गयी है।

**<u>अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जेपी इण्टर कालेज, मोहम्मदी में मिशन शक्ति एवं महिला सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन कर बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, मिशन शक्ति केन्द्र व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित किया गया</u>**





उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान- 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन में आज दिनाँक 29.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री अमित कुमार राय एवं थाना मोहम्मदी की मिशन शक्ति टीम द्वारा जे0पी0 इण्टर कालेज, मोहम्मदी में मिशन शक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं महिला संबंधित समस्याओं/अपराधों के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया । साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त थाना स्थानीय पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उददेश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं आदि के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी।

**<u>सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत डान बास्को स्कूल लखीमपुर खीरी की बालिकाओं को किया गया जागरूक, बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, मिशन शक्ति केन्द्र व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा है महिलाओं का सशक्तिकरण।</u>**






उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान- 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन में आज दिनाँक 29.09.2025 को सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर श्री विवेक तिवारी एवं थाना कोतवाली सदर की मिशन शक्ति टीम द्वारा डान बास्को स्कूल लखीमपुर खीरी में मिशन शक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं को महिला संबंधित समस्याओं/अपराधों के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया ।

साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त थाना स्थानीय पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उददेश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं आदि के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी।

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत जनपद खीरी के थाना फूलबेहड़ पर एक दिवसीय थाना प्रभारी के रूप में कक्षा 10वीं की छात्रा ने संभाली कमान, थाने पर आने वाले फरियादियों की जनसुनवाई तथा निरीक्षण किया ।







उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन में जनपद खीरी के थाना फूलबेहड़ में पुलिस प्रशासन की एक अनूठी एवं सराहनीय पहल देखने को मिली। आज दिनांक 29/09/2025 को थाना फूलबेहड़ का कार्यभार कक्षा 10वीं की छात्रा को सौंपा गया। एक दिवसीय थाना प्रभारी का दायित्व मोहिनी पुत्री मनोज निषाद ने व एक दिवसीय थाने के मिशन शक्ति केन्द्र का दायित्व अंजली पुत्री शैलेष कुमार ने सफलतापूर्वक निभाया, जो कि वर्तमान में राजकीय बालिका हाईस्कूल, गूम जनपद खीरी से 10वीं की छात्राए हैं। अपने कार्यकाल के दौरान मोहिनी ने थाना परिसर में जनसुनवाई की और आम नागरिकों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। उन्होंने लोगों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों को समझने का प्रयास किया और थाना कर्मियों के साथ मिलकर उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात, उन्होंने थाना फूलबेहड़ परिसर में स्थित मिशन शक्ति केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर चल रही महिला सुरक्षा सम्बन्धी कार्यवाही व प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली तथा केंद्र की कार्यप्रणाली की सराहना की। अंत में उन्होंने संपूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण किया, जिसमें विभिन्न कार्यालय, रिकॉर्ड रूम और सीसीटीएनएस की कार्यशैली को समझा। यह अभिनव पहल पुलिस और समाज के बीच की दूरी को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक शिक्षित युवती को थाने की कमान सौंपना न केवल महिला सशक्तिकरण का एक प्रतीक है, बल्कि यह युवा पीढ़ी में कानून व्यवस्था के प्रति जागरूकता और विश्वास पैदा करने का भी एक सार्थक प्रयास है। इससे आम जनता, विशेषकर युवाओं को पुलिसिंग की चुनौतियों और उसकी जिम्मेदारियों को समझने का एक अद्वितीय अवसर प्राप्त हुआ।

# <u>मिशन शक्ति फेज-5: जनपद खीरी के महिला थाना में बालिका हिमांशी चौधरी बनी एक दिवस की थाना प्रभारी, महिला सशक्तिकरण की ओर सार्थक पहल”</u>





उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आज दिनांक 29.09.2025 को महिला थाना, जनपद खीरी में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हिमांशी चौधरी पुत्री प्रमोद कुमार ग्राम पिपरिया कोतवाली सदर जनपद खीरी, जो कि भगवान दीन आर्य कन्या इण्टर कालेज में कक्षा 11 की छात्रा हैं, उनको एक दिवसीय थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान उन्हें एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, शिकायतों की सुनवाई, अपराधों की विवेचना और महिला सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं से अवगत कराया गया। एक दिवसीय थानाध्यक्ष के रूप में हिमांशी ने महिला संबंधी शिकायतों की सुनवाई की और फरियादियों से संवाद स्थापित किया। उन्हें महिला सुरक्षा हेतु उपलब्ध सेवाओं जैसे महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी गई।

**<u>मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य –</u>**

✔ महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना।

✔ पुलिस व समाज के बीच सकारात्मक संवाद व विश्वास की स्थापना करना।

✔ बालिकाओं को पुलिस कार्यप्रणाली से अवगत कराकर उनमें आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता विकसित करना।

**“मिशन शक्ति फेज-5: जनपद खीरी के अन्तर्गत थाना निघासन में बालिका बनी एक दिवस की थाना प्रभारी, महिला सशक्तिकरण की ओर सार्थक पहल”**



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आज दिनांक 29.09.2025 को थाना निघासन, जनपद खीरी में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एबलॉन पब्लिक स्कूल थाना निघासन की कक्षा 11 की छात्रा सोनाक्षी गुप्ता पुत्री जगत नारायन गुप्ता निवासी रकेहटी थाना निघासन जिला खीरी को एक दिवसीय थाना प्रभारी नियुक्त किया गया। सोनाक्षी गुप्ता के द्वारा थाना परिसर, थाना कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष व मालखाना का निरीक्षण किया गया एंव थाना अभिलेखो एंव कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। इस दौरान उन्हें एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, शिकायतों की सुनवाई, अपराधों की विवेचना और महिला सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं से अवगत कराया गया। एक दिवसीय थाना प्रभारी के रूप में सोनाक्षी गुप्ता ने महिला संबंधी शिकायतों की सुनवाई की और फरियादियों से संवाद स्थापित किया। उन्हें महिला सुरक्षा हेतु उपलब्ध सेवाओं जैसे महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी गई।

# <u>मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली सदर पर "एक दिवसीय महिला प्रभारी निरीक्षक" नियुक्त</u>






पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन में मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने हेतु आज दिनांक 29.09.2025 को थाना कोतवाली सदर, जनपद खीरी पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।
इस कार्यक्रम के अंतर्गत कु0 यशोदा देवी सपुत्री रमेश कुमार निवासी पंचपेडा रिछईया थाना कोतवाली सदर जिला खीरी को एक दिवसीय थाना प्रभारी कोतवाली सदर जनपद खीरी के रूप में नियुक्त किया गया।

**<u>कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियाँ :</u>**

- छात्रा यशोदा देवी द्वारा थाना कोतवाली सदर के दैनिक कार्यों का संपादन कराया गया।
- महिला संबंधित शिकायतों की सुनवाई की गई तथा शिकायत निवारण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।
- मिशन शक्ति फेस 5.0 की उद्देश्यमूलक गतिविधियों एवं महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई।
- थाना क्षेत्र का भ्रमण कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा कराई गई तथा महिला सुरक्षा उपायों के प्रति आमजन को जागरूक किया गया।
- छात्रा को पुलिस कार्यप्रणाली, थाने में पंजीकृत प्रकरणों की सुनवाई व निस्तारण की प्रक्रिया तथा जनसहभागिता की भूमिका से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर सहित थाना स्तर के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से मिशन शक्ति के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए समाज में महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। इस प्रकार के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं एवं छात्राओं में आत्मविश्वास विकसित करना, उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली से अवगत कराना तथा समाज में महिला सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना है।

# **“मिशन शक्ति फेज-5: जनपद खीरी के थाना भीरा में विवेकानन्द एकेडमी भीरा की कक्षा 12 की छात्रा अगमजोत कौर को एक दिन का सांकेतिक थाना प्रभारी बनाया गया**




उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आज दिनांक 29.09.2025 को थाना भीरा, जनपद खीरी में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विवेकानन्द एकेडमी भीरा की कक्षा 12 की छात्रा अगमजोत कौर को एक दिन का सांकेतिक थाना प्रभारी बनाया गया । सांकेतिक थाना प्रभारी अगमजोत कौर द्वारा थाने पर आने वाले फरयादियो की शिकायतो को सुना गया व सम्बन्धित को निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये व आज थाना प्रभारी के रुप में  कार्य करके पुलिस प्रशासन की वास्तविक कार्यप्रणाली को निकट से समझा ।व थाने पर उपस्थित आयी विधालय की अन्य छात्राओं को भी पुलिस की कार्यप्रणाली व जीवन में आने वाली चुनौतियो से निपटने के तरीको से अवगत कराया गया ।

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना फरधान पुलिस द्वारा, शराब के नशे में अश्लील हरकतें करने वाले 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया



पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना फरधान के नेतृत्व में आज दिनांक-29.09.2025 को थाना फरधान की मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय कैमहरा तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा महिलाओं एंव बालिकाओं को उनके अधिकारों आपात हेल्पलाइन नम्बरों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। इसी क्रम में आज दिनांक 29.09.2025 को ग्राम रूकुन्दीपुर थाना फरधान दुर्गा पण्डाल के पास शराब के नशे में अश्लील हरकतें करते हुये 01 नफर अभियुक्त अनिल दत्त पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी ग्राम रुकुन्दीपुर थाना फरधान जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध थाना फरधान पर मु0अ0सं0 382/2025 धारा 296 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण</u>**

अनिल दत्त पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी ग्राम रुकुन्दीपुर थाना फरधान जनपद खीरी

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण</u>**

1.म0उ0नि0 स्वाति देवी

2.म0हे0का0 सरोज कुमारी

3.म0का0 संगीता देवी

4.म0पीआरडी सज्जावती

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना ईसानगर पुलिस द्वारा, गुमशुदा/अपहृता को सकुशल बरामद किया गया




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष ईसानगर के नेतृत्व में आज दिनांक- 29.09.2025 को थाना ईसानगर पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 439/25 धारा 87 बीएनएस की गुमशुदा/ पीडिता 1.अनीता देवी पत्नी श्री लल्लायादव नि0 ग्राम कैरातीपुरवा थाना ईसानगर जनपद खीरी को सकुशल बरामद कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**नाम पता गुमशुदा/पीडिता**

1.अनीता देवी पत्नी श्री लल्लायादव नि 0ग्राम कैरातीपुरवा थाना ईसानगर जनपद खीरी।

**बरामद करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1.उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र सिह चन्देल थाना ईसानगर जनपद खीरी ।

2.का0 पुनीत कुमार थाना ईसानगर जनपद खीरी ।

3.म0आ0 सोनिया सागर थाना ईसानगर जनपद खीरी ।

# "मिशन शक्ति फेज-5: जनपद खीरी के थाना सम्पूर्णानगर में पब्लिक इण्टर कालेज सम्पूर्णानगर में जागरूकता अभियान / रैली का आयोजन किया गया





उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष ईसानगर के नेतृत्व में थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा आज दिनांक 29.09.2024 को मिशन शक्ति के पंचम संस्करण के अंतर्गत पब्लिक इण्टर कालेज सम्पूर्णानगर में छात्राओ को मिशन शक्ति कार्यक्रम में निहित उद्देश्यों-महिलाओं एंव बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों एवं उनकी सुरक्षा एंव अधिकारों के संदर्भ में एंव आपात की स्थिति में शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन के नम्बरो व शासन द्वारा जारी विभिन्न योजनाओ के सम्बन्ध में जागरूक किया गया एंव पम्पलेट वितरित किये गये तथा एक रैली का आयोजन कर छात्राओ व पुलिस बल द्वारा क्षेत्र की महिलाओ को जागरूक कर प्रचार प्रसार किया गया ।

**मिशन शक्ति 5.0 की विशेषतायेः-**

1.यू०पी० मिशन शक्ति अभियान की शुरूआत राज्य की महिलाओं और बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों को लेकर जागरूक करने के लिये।

2.महिला एंव बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दो पर समझ बनाना।

3.महिला एवं बच्चो से सम्बन्धित विभिन्न प्रमुख कानूनो एंव महिलाओ की गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराध की जानकारी देना।

4.महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा करना।

5.महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करना।

6.यू०पी० मिशन शक्ति अभियान के तहत रेप छेड़छाड़ केस में सबसे पहले प्राथमिकता देकर दोषियों को कड़ी सजा दिलवाना ।

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना हैदराबाद एण्टीरोमियो टीम द्वारा, स्कूल जा रही छात्राओं पर टिप्पणी करने वाले 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष हैदराबाद के नेतृत्व में आज दिनांक- 29.09.2025 को थाना हैदराबाद एण्टीरोमियो टीम द्वारा, ग्राम ममरी चौराहा से स्कूल जाने वाली छात्राओ व महिलाओ पर टिप्पणी करने वाले अभियुक्त सिध्दांत पुत्र प्रमोद कुमार नि0ग्रा0 सुहैला थाना हैदराबाद जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 334/2025 धारा 296 बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

सिध्दांत पुत्र प्रमोद कुमार नि0ग्रा0 सुहैला थाना हैदराबाद जनपद खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.व0उ0नि0 सन्तपाल सिंह राठौर थाना हैदराबाद जनपद खीरी

2.का0 आकाश यादव थाना हैदराबाद जनपद खीरी

3.का0 कन्हैया तेजयान थाना हैदराबाद जनपद खीरी

4.म0का0 कोमल थाना हैदराबाद जनपद खीरी

5.म0का0 ऋतु शर्मा थाना हैदराबाद जनपद खीरी

**थाना गौरीफंटा पुलिस एवं एसएसबीट टीम द्वारा, 12.12 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद करके अभियुक्त कपिल मुनि राना पुत्र महाचीन राना को गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक गौरीफंटा के नेतृत्व में दिनांक 28.09.2025 को थाना गौरीफंटा पुलिस व एसएसबी टीम द्वारा, कुल 12.12 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद करके अभियुक्त कपिल मुनि राना पुत्र महाचीन राना निवासी ग्राम सूडा थाना गौरीफंटा जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना गौरीफंटा पर मु0अ0सं0 36/2025 धारा 8/21/23 NDPS ACT पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**
कपिल मुनि राना पुत्र महाचीन राना निवासी ग्राम सूडा थाना गौरीफंटा जनपद खीरी

**बरामदगीः-**
कुल 12.12 ग्राम ब्राउन शुगर

**गिरफ्तार करने वाली टीम -**
1.उ0नि0 वीर प्रताप सिंह थाना गौरीफंटा जनपद खीरी
2.का0 गौरव कुमार थाना गौरीफंटा जनपद खीरी
3.का0 हेमन्त कुमार थाना गौरीफंटा जनपद खीरी
4.म0का0 नाहिद परवीन थाना गौरीफंटा जनपद खीरी
5.सहायक कमाण्डेंट श्री संदीप कुमार मीणा (BOP सूड़ा 39 BN SSB)
6.निरीक्षक अशोक सिंह(BOP सूड़ा 39 BN SSB)
7.हे0का0 पृथ्वीराज(BOP सूड़ा 39 BN SSB)
8.हे0का0 सुबोध कुमार(BOP सूड़ा 39 BN SSB)
9.का0 कुंडल सिंह(BOP सूड़ा 39 BN SSB)
10.का0 मुकेश चन्द्र मीणा(BOP सूड़ा 39 BN SSB)
11.का0 सुनील कुमार(BOP सूड़ा 39 BN SSB)
12.म0का0 बीमा चानू (BOP सूड़ा 39 BN SSB)
13.म0का0 अरूणा (BOP सूड़ा 39 BN SSB)
14. डाग SEA SAR

## थाना गोला पुलिस 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया



पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक गोला के नेतृत्व में आज दिनांक 29.09.2025 को थाना गोला पुलिस द्वारा मु0नं0 04/25 अ0सं0 337/24 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस में वारण्टी अभियुक्त पप्पू उर्फ संजय पुत्र बेचेलाल उम्र करीब 45 वर्ष नि0 बसलीपुर गदियाना थाना गोला खीरी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

पप्पू उर्फ संजय पुत्र बेचेलाल उम्र करीब 45 वर्ष नि0 बसलीपुर गदियाना थाना गोला खीरी

**गिरफ्तार करने वाली टीम -**

1. उ0नि0 युवराज बाल्यान
2. का0 ओम असीम

# थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, गैंगस्टर एक्ट में 02 नफर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष हैदराबाद के नेतृत्व में आज दिनांक- 29.09.2025 को थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, मु0अ0स0 331/2025 धारा 2(ख)(i)/3 उ0प्र0 गैंग0 एक्ट में 02 नफर वांछित 1.आफताब खांन पुत्र अहमद खान उर्फ मंगू नि0ग्रा0 रसूलपुर थाना गोला जनपद खीरी 2.मोहम्मद जीशान उर्फ राज पुत्र अहमद खान उर्फ मंगू नि0ग्रा0 रसूलपुर थाना गोला जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1.आफताब खांन पुत्र अहमद खान उर्फ मंगू नि0ग्रा0 रसूलपुर थाना गोला जनपद खीरी

2.मोहम्मद जीशान उर्फ राज पुत्र अहमद खान उर्फ मंगू नि0ग्रा0 रसूलपुर थाना गोला जनपद खीरी

**आपराधिक इतिहास अभियुक्तगणः-**

**मोहम्मद जीशान उर्फ राज पुत्र अहमद खांन उर्फ मंगू उम्र करीब 28 वर्ष नि0ग्रा0 रसूलपुर थाना गोला जनपद खीरी**

1. मु0अ0सं0 815/2022 धारा 323/504/506 भा0द0वि थाना गोला खीरी

2 मु0अ0सं0 679/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना गोला जनपद खीरी।

3. मु0अ0सं0 325/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना हैदराबाद जनपद खीरी।

4. मु0अ0सं0 333/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना हैदराबाद जनपद खीरी।

**आफताब खान पुत्र अहमद खान उर्फ मंगू उम्र करीब 25 वर्ष नि0ग्रा0 रसूलपुर थाना गोला जनपद खीरी**

1.मु0अ0सं0 679/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना गोला जनपद खीरी।

2.मु0अ0सं0 325/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना हैदराबाद जनपद खीरी।

3.मु0अ0सं0 333/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना हैदराबाद जनपद खीरी।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 हेमन्त कटियार थाना हैदराबाद जनपद खीरी

2.हे0का0 राजू वर्मा थाना हैदराबाद जनपद खीरी

3.का0 संजीव कुमार थाना हैदराबाद जनपद खीरी

4.का0 धर्मेन्द्र वर्मा थाना हैदराबाद जनपद खीरी

# थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा, गैंगस्टर एक्ट में 02 नफर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष सम्पूर्णानगर के नेतृत्व में आज दिनांक- 29.09.2025 को थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा, मु0अ0स0 186/2025 धारा 2(ख)(ii)/3 उ0प्र0 गैंग0 एक्ट में 02 नफर वांछित अभियुक्तों 1.सोनी उर्फ सोनू सिंह उर्फ हरजीत सिंह पुत्र स्व0 लाढ़ी उर्फ राजवन्त सिंह निवासी ग्राम निषादनगर घोला थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी 2.जसवीर सिंह उर्फ जोधा पुत्र प्यारा सिंह नि0 निषादनगर घोला थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी हाल पता सुरजनपुर उमरी गणेशपुर जिला सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1.सोनी उर्फ सोनू सिंह उर्फ हरजीत सिंह पुत्र स्व0 लाढ़ी उर्फ राजवन्त सिंह निवासी ग्राम निषादनगर घोला थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी

2.जसवीर सिंह उर्फ जोधा पुत्र प्यारा सिंह नि0 निषादनगर घोला थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी हाल पता सुरजनपुर उमरी गणेशपुर जिला सीतापुर

**आपराधिक इतिहास अभियुक्तगणः-**

**सोनी उर्फ सोनू उर्फ हरजीत सिंह पुत्र स्व0 लाडी सिंह उर्फ राजवन्त सिंह निवासी ग्राम निषादनगर थाना सम्पूर्णानगर जिला खीरी**

1.मु0अ0सं0 172/2024 धारा 60(2) आब0 अधि0 व 272 भादवि थाना सम्पूर्णानगर जिला खीरी

**जसवीर सिंह पुत्र प्यारा सिंह निवासी ग्राम निषादनगर थाना सम्पूर्णानगर जिला खीरी**

1.मु0अ0सं0 172/2024 धारा 60(2) आब0 अधि0 व 272 भादवि थाना सम्पूर्णानगर जिला खीरी
2.मु0अ0सं0 463/2009 धारा 427 भादवि व 63/63c भारतीय वन अधि0 थाना सम्पूर्णानगर जिला खीरी
3.मु0अ0सं0 45/2023 धारा 60(2) आब0 अधि0 थाना सम्पूर्णानगर जिला खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी
2.उ0नि0 अनूप कुमार मिश्र थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी
3.का0 पंकज कुमार थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी
4.का0 रोहित भास्कर थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी

# थाना मैगलगंज पुलिस 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया



पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मितौली के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज के नेतृत्व में आज दिनांक 29.09.2025 को थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा विभिन्न अभियोगो में 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तं के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों का विवरण-**

1.मुनेश पाल पुत्र विश्राम पाल निवासी ग्राम मुरलीगंज थाना मैगलगंज जनपद खीरी
2.छन्नू उर्फ छविनाथ पुत्र राधेश्याम निवासी दीक्षितपुर थाना मैगलगंज जनपद खीरी

**गिरफ्तार करने वाली टीम -**

1.उ0नि0 चरन सिंह यादव
2.उ0नि0 कालीचरन
3.का0 जितेन्द्र कुमार
4.का0 विश्वामित्र
5.का0 बालकरण सिंह

**मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना मितौली एण्टीरोमियो टीम द्वारा, छेड़खानी के आरोपी 02 नफ़र अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मितौली के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक मितौली के नेतृत्व में आज दिनांक- 29.09.2025 को थाना मितौली पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 304/25 धारा 333/74/352/351(3) बीएनएस में 02 नफर अभियुक्तों 1.सुहेल पुत्र मुस्ताक अली 2.मो0 मतीन पुत्र मुस्ताक निवासीगण ग्राम अछरौला थाना मितौली जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1.सुहेल पुत्र मुस्ताक अली निवासी ग्राम अछरौला थाना मितौली जनपद खीरी
2.मो0 मतीन पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम अछरौला थाना मितौली जनपद खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 मनोज कुमार थाना मितौली जनपद खीरी
2.का0 जितेन्द्र कुमार थाना मितौली जनपद खीरी

**<u>अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 88 लीटर अवैध शराब बरामद कर 08 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया</u>**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **<u>88 लीटर अवैध कच्ची शराब</u>** बरामद कर **<u>08 नफर</u>** अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **<u>08 अभियोग</u>** पंजीकृत किये गये।